सपनों को करे साकार
नवप्रवर्तन को प्रेरणा अपार



भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

# एक दिग्गज औद्योगिक प्रतिष्ठान

# कंपनी के बारे में

1964 से, BHEL पूंजीगत वस्तु क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी के रूप में 'भारत में निर्माण' कर रही है। वर्तमान में, कंपनी का व्यवसाय ऊर्जा और उद्योग जैसे क्षेत्रों में है, तथा कंपनी विद्युत उत्पादन (थर्मल, हाइड्रो, गैस, न्यूक्लियर और सोलर पीवी), ट्रांसमिशन, परिवहन, रक्षा, एयरोस्पेस, तेल और गैस एवं देश के अन्य प्रमुख क्षेत्रों के लिए उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं सहित व्यापक समाधान प्रदान करती है। कंपनी विदेश में भी अपनी सेवाएं प्रदान करती है। 63.17% शेयरधारिता के साथ भारत सरकार के एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में निगमित BHEL ने पूरे भारत में 16 विनिर्माण संयंत्र स्थापित किए हैं, जो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में ग्राहकों के लिए पूंजीगत वस्तुओं का उत्पादन करते हैं। कंपनी ने वैश्विक मूल उपकरण आपूर्तिकर्ताओं (OEM) के साथ साझेदारी के साथ-साथ इन-हाउस उत्पाद विकास, दोनों के माध्यम से अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का लगातार विस्तार किया है। इन-हाउस उत्पाद विकास को बढ़ावा देने के लिए कंपनी सतत रूप से अपने राजस्व का 2.5% से अधिक आर एंड डी और नवाचार पर निवेश करती है। BHEL में, हमारा दृढ़ विश्वास है कि अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करना, पर्यावरण की रक्षा करना और समाजसेवा आंतरिक रूप से जुड़े हुए हैं और हमारे कॉर्पोरेट लोकाचार के मूलभूत तत्व हैं। कंपनी कौशल विकास जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से अनेक समुदायों को आगे बढ़ने में मदद कर रही है; स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा को बढ़ावा दे रही है तथा पर्यावरण संरक्षण और सुधार पर कई कार्यक्रम चला रही है।



**1964**
से भारत में निर्माणरत
और वैश्विक स्तर पर
उत्पादों और सेवाओं
की आपूर्ति

देश भर में फैली
**16** विनिर्माण सुविधाएं
जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के
अनुरूप उपकरण बनाती हैं

इंजीनियरिंग क्षेत्र में
भारत के सबसे बड़े
नियोक्ताओं में से एक
**~28,000** उच्च
कुशल कर्मचारी
**9,200+** इंजीनियर

**4** क्षेत्रीय कार्यालय
**8** सेवा केंद्र
**15** क्षेत्रीय विपणन केंद्र
**2** मरम्मत इकाइयाँ

सभी छह बसे हुए महाद्वीपों के
**91** देशों में उपस्थिति।



पावर

नवीकरणीय ऊर्जा

पारेषण

परिवहन

रक्षा एवं एयरोस्पेस

ई-गतिशीलता

बैटरी ऊर्जा
भंडारण समाधान

औद्योगिक प्रणालियाँ
और उत्पाद

तेल एवं गैस

अनुसंधान एवं विकास

# पावर

विद्युत उत्पादन खंड में परमाणु, जलविद्युत, तापीय, गैस और नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र व्यवसाय शामिल हैं। बीएचईएल इस क्षेत्र में पाँच दशकों से भी अधिक समय से कार्यरत है। कंपनी ने 1969 में अपना पहला तापीय संयंत्र कमीशन किया था। कंपनी के पास विद्युत परियोजनाओं को कॉन्सेप्ट से लेकर कमीशनिंग तक क्रियान्वित करने की सिद्ध क्षमता है।

- बीएचईएल 1,000 मेगावाट तक की रेटिंग वाले कुशल सुपरक्रिटिकल सेटों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें 660/700/800 मेगावाट के सेट भी शामिल हैं। हम उपयोगिता और औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए कम रेटिंग वाले थर्मल सेट का विकल्प भी प्रदान करते हैं।
- कंपनी कम कार्बन उत्सर्जन और वैश्विक उत्सर्जन मानदंडों के अनुपालन के लिए थर्मल संयंत्रों के लिए अत्याधुनिक उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण का भी निर्माण करती है।
- कंपनी परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला बनाती है, जैसे स्टीम जनरेटर, रिएक्टर हेडर और एंड शील्ड। इसके अलावा 220 मेगावाट से 700 मेगावाट तक की क्षमता वाले परमाणु टरबाइन-जनरेटर सेट भी बनाती है।
- बीएचईएल 400 मेगावाट तक की रेटिंग वाले फ्रांसिस-पेल्टन प्रकार और 100 मेगावाट तक की रेटिंग वाले कापलान प्रकार के अनुकूलित हाइड्रो सेटों की एक विस्तृत श्रृंखला के डिज़ाइन, इंजीनियरिंग, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग की सेवा के साथ-साथ उपयुक्त जनरेटर भी प्रदान करता है। हम पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) यानी 300 मेगावाट तक की रेटिंग वाले रिवर्सिबल पंप-टर्बाइन-मोटर जनरेटर सेटों के लिए इलेक्ट्रो-मैकेनिकल कार्य करने में भी सक्षम हैं।
- कंपनी उन्नत श्रेणी के बड़े आकार के गैस टर्बाइन और मैचिंग जनरेटर बनाती है। इसके अतिरिक्त, कंपनी उच्च संयंत्र क्षमता वाले को-जनरेशन और कंबाइन्ड साइकल प्लान्ट्स की आपूर्ति भी करती है।
- बीएचईएल ने लचीले संचालन के लिए समाधान सहित विभिन्न विद्युत संयंत्र उपकरणों के नवीकरण, आधुनिकीकरण और उन्नयन के माध्यम से बीएचईएल निर्मित और गैर-बीएचईएल निर्मित सेटों के लिए संयंत्र प्रदर्शन सुधार में सिद्ध विशेषज्ञता हासिल की है।

सूरतगढ़, राजस्थान में बीएचईएल द्वारा कमीशन किया गया 2 x 660 मेगावाट सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट





एनटीपीसी रामगुंडम, आंध्र प्रदेश में बीएचईएल द्वारा
कमीशन किया गया 100 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर पीवी प्लांट

# नवीकरणीय ऊर्जा

- बीएचईएल उन कुछ चुनिंदा ईपीसी कंपनियों में से एक है जो सौर ऊर्जा संयंत्रों के लगभग सभी प्रमुख उपकरणों का निर्माण करती है, जैसे सौर सेल, सौर मॉड्यूल, पीसीयू, एचटी पैनल, स्काडा, पावर ट्रांसफॉर्मर आदि। इसके साथ कंपनी ग्रिड भंडारण का संपूर्ण समाधान प्रदान करती है।
- बीएचईएल के पास उच्च दक्षता वाले सिलिकॉन सौर सेल विकसित करने और प्रक्रिया अनुकूलन के लिए एक समर्पित औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास केंद्र है।
- बीएचईएल ने देश के कुछ सबसे बड़े फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्रों जैसे एनटीपीसी रामागुंडम 100 मेगावाट (तेलंगाना), एनटीपीसी सिम्हाद्री 25 मेगावाट (आंध्र प्रदेश), एनटीपीसी कायमकुलम 22 मेगावाट (केरल), आदि को कमीशन करके भारत में फ्लोटिंग सौर ईपीसी खंड में मार्केट लीडर के रूप में अपनी पहचान बनाई है।
- बीएचईएल के पास 1200 मेगावाट से अधिक का सौर पोर्टफोलियो है, जिसमें से 1100 मेगावाट से अधिक क्षमता के बड़े आकार के यूटिलिटी ग्राउंड माउंटेड, फ्लोटिंग सोलर, रूफटॉप, कैनाल टॉप सौर संयंत्र पहले ही कमीशन किए जा चुके हैं।



±800 kV, 6000 मेगावाट उत्तर पूर्व – आगरा एचवीडीसी प्रोजेक्ट के लिए आगरा कन्वर्टर स्टेशन, उत्तर प्रदेश, भारत में लगाया गया वाल्व हॉल

# पारेषण

बीएचईएल भारत में विद्युत पारेषण के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी है, जिसके पास पारेषण प्रणालियों और उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला है तथा दुनिया भर में इसका स्थापित ट्रैक रिकॉर्ड है।

- बीएचईएल ईपीसी आधार पर अवधारणा से लेकर कमीशनिंग तक टर्नकी ट्रांसमिशन परियोजनाओं के कार्यान्वयन का कार्य करता है, जिसमें 33 केवी से 765 केवी तक के एआईएस और सीआईएस दोनों प्रकार के ईएचवी तथा यूएचवी सबस्टेशन/स्विचयार्ड, एचवीडीसी कनवर्टर स्टेशन (±800 केवी तक के) तथा रिएक्टिव पावर कम्पेनसेशन स्कीम शामिल हैं।
- बीएचईएल ने भारत में अनेक उच्च वोल्टेज डायरेक्ट करंट (एचवीडीसी) परियोजनाएं क्रियान्वित की हैं जिनमें विश्व की पहली मल्टी-टर्मिनल +800 केवी, 6000 मेगावाट यूएचवीडीसी ट्रांसमिशन लिंक शामिल है, जो भारत के उत्तर-पूर्वी भाग से आगरा (उत्तर प्रदेश) के बीच है।
- बीएचईएल भारत का पहला ट्रांसफॉर्मर निर्माता है जिसने 500 एमवीए, 400 केवी तक के ऑटो ट्रांसफॉर्मर तथा 333 एमवीए, 765 केवी तक के जेनरेटर ट्रांसफॉर्मर का सफलतापूर्वक शॉर्ट सर्किट परीक्षण किया है।
- बीएचईएल ने भारत का पहला 400 केवी फेज शिफ्टिंग ट्रांसफॉर्मर (पीएसटी) स्वदेशी रुप से विकसित और कमीशन किया है।

बीएचईएल द्वारा निर्मित और आपूर्ति किये जाने वाले प्रमुख उत्पादों में शामिल हैं:

- 1200 kV तक के पावर ट्रांसफॉर्मर
- 800 kV तक के कनवर्टर ट्रांसफॉर्मर, HVDC अनुप्रयोग के लिए थाइरिस्टर वाल्व और कंट्रोल्स
- 1200 kV तक के उपकरण ट्रांसफॉर्मर
- ड्राई टाइप ट्रांसफॉर्मर
- वैक्यूम और गैस इंसुलेटेड स्विचगियर्स
- नियंत्रण और रिले पैनल, SCADA
- 765 kV AC और 800 kV तक के DC अनुप्रयोग के लिए कम्पोजिट इंसुलेटर
- डायनेमिक रिएक्टिव पावर मैनेजमेंट के लिए FACTS-FSC, फेज शिफ्टिंग ट्रांसफॉर्मर (पीएसटी), थाइरिस्टर नियंत्रित शंट रिएक्टर (सीएसआर) और सिंक्रोनस कंडेनसर
- फाइबर ऑप्टिक करंट ट्रांसफॉर्मर (FOCT)
- 400 kV तक के डिजिटल सबस्टेशन की जरूरतों को पूरा करने के लिए बे कंट्रोल यूनिट (BCU), मर्जिंग इकाई (MU), स्विचगियर नियंत्रण इकाई (SCU)



# परिवहन

बीएचईएल सेमी हाइ स्पीड ट्रेन, इलेक्ट्रिक लोकमोटिव, डीजल इलेक्ट्रिक शंटिंग लोकमोटिव और इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट जैसी रेल परिवहन प्रणालियों का एक अग्रणी डिज़ाइनर और निर्माता है। बीएचईएल ट्रैक्शन कन्वर्टर/इन्वर्टर, मोटर, ट्रांसफॉर्मर, बोगी, ट्रेन नियंत्रण प्रबंधन प्रणाली (टीसीएमएस) जैसे महत्वपूर्ण उपकरण भी बनाता है।

- रेलवे और औद्योगिक संचालन के लिए 800 से अधिक लोकोमोटिव की आपूर्ति की जा चुकी है।
- 9000 एचपी तक के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव और 3250 एचपी तक के डीजल इलेक्ट्रिक शंटिंग लोकोमोटिव के निर्माण की क्षमता
- मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए भारत का पहला पूर्णतः वातानुकूलित एसी ईएमयू रेलगाड़ियों का बेड़ा बीएचईएल निर्मित इलेक्ट्रिक्स और नियंत्रण प्रणाली से युक्त है।
- कंपनी भारत की एक महत्वपूर्ण परियोजना - वंदे भारत (सेमी हाइ स्पीड) और कोलकाता मेट्रो सहित विभिन्न रोलिंग स्टॉक के लिए 3-फेज अंडरस्लंग उपकरण का निर्माण कर रही है।
- दक्षिण-एशियाई, दक्षिण-पूर्व एशियाई और अफ्रीकी देशों को अत्याधुनिक ट्रैक्शन उपकरण निर्यात किए गए हैं।





हरिद्वार प्लांट में असेम्बल किया जा रहा एसआरजीएम गन

# रक्षा और एयरोस्पेस


- बीएचईएल लगभग चार दशकों से समर्पित इंजीनियरिंग और विनिर्माण सुविधाओं के साथ भारतीय रक्षा बलों को उपकरणों और सेवाओं का एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है।
- प्रमुख उत्पादों में सुपर रैपिड गन माउंट (अपग्रेडेड), सामरिक नौसेना उपकरण, नौसेना युद्धपोतों के लिए एकीकृत प्लेटफार्म प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस), टैंकों के लिए थर्मो-प्रेस्ड घटक, इलेक्ट्रिकल मशीनें, टी-72 टैंकों के लिए टरेट कास्टिंग, सिमुलेटर, कास्टिंग और फोर्जिंग आदि शामिल हैं।
- बीएचईएल दुनिया की कुछ चुनिंदा कंपनियों में से एक है जिसके पास तेजस जैसे सैन्य विमानों के लिए कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स और लिक्विड कूलिंग सिस्टम डिजाइन और निर्माण करने की क्षमता है।
- बीएचईएल रक्षा क्षेत्र में नए उत्पादों और प्रणालियों को लाने का लक्ष्य बना रहा है, जिनमें एयर डिफेन्स गन सिस्टम, इलेक्ट्रिकल प्रोपल्सन सिस्टम, मरीन गैस टरबाइन, ऐक्टिव प्रोटेक्शन सिस्टम, बख्तरबंद वाहन आदि शामिल हैं।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष-स्तरीय सौर पैनल, अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए लिथियम-आयन सेल और सैटेलाइट बैटरियों के निर्माण के लिए बीएचईएल के साथ साझेदारी की है। बीएचईएल एयरोस्पेस क्षेत्र में अपने उत्पादों का तेज़ी से विस्तार कर रहा है।








सुपरसोनिक लड़ाकू विमान – एलसीए तेजस के लिए हीट एक्सचेंजर एण्ड प्रीकूलर की डिजाइनिंग एवं निर्माण बीएचईएल द्वारा एडीए के सहयोग से स्वदेशी रूप से किया गया




# ई-गतिशीलता

बीएचईएल विश्व के ई-मोबिलिटी मिशन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है

- शहरों और राजमार्गों के लिए सौर ऊर्जा आधारित चार्जर सहित संपूर्ण एकीकृत ईवी चार्जिंग अवसंरचना हेतु समाधान
- इन हाउस विकसित (ARAI प्रमाणित) 122 किलोवाट एसी/डीसी कॉम्बो ईवी चार्जर
- इन हाउस विकसित 60 किलोवाट का दो गन वाला डीसी फास्ट ईवी चार्जर। ARAI प्रमाणित, BPCL को आपूर्ति किया गया।
- देश के पहले ई-मोबिलिटी अनुकूल दिल्ली-चंडीगढ़ राजमार्ग पर 20 बीएचईएल-निर्मित सौर पीवी आधारित ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाए गए।



# बैटरी ऊर्जा भंडारण समाधान

- बीएचईएल नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों द्वारा प्रदान की जाने वाली रुक-रुक कर मिलने वाली बिजली की समस्या को दूर करने के लिए ग्रिड से जुड़ी स्टैंडअलोन बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) तथा बैटरी ऊर्जा भंडारण समाधान प्रदान करता है। इन समाधानों में ऊर्जा समय परिवर्तन, पावर स्मूदिंग, आवृत्ति विनियमन, एंटी-आइलैंडिंग, VAR समर्थन आदि जैसी सुविधाएँ शामिल हैं।
- आंतरिक संसाधनों से विकसित पावर कंडीशनिंग सिस्टम (पीसीएस) और ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) से युक्त 1 Mwh बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली को कमीशन किया गया। इसमें तीन विभिन्न प्रकार के बैटरी रसायन का प्रयोग किया गया है - लिथियम-आयन बैटरी, फ्लो बैटरी और उन्नत लीड एसिड बैटरी।
- अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए लिथियम आयन बैटरियों की पैकेजिंग और परीक्षण हेतु अत्याधुनिक सुविधा। दो दशकों से भी अधिक समय से, बीएचईएल इसरो के उपग्रहों के लिए 2 kWh-20 kWh तक के बैटरियों की असेंबली, परीक्षण और आपूर्ति कर रहा है। बीएचईएल ने प्रतिष्ठित चंद्रयान 3 मिशन के लिए भी बैटरियों की आपूर्ति की है।

# औद्योगिक प्रणालियाँ और उत्पाद

बीएचईएल तेल एवं गैस, धातुकर्म एवं खनन, पेट्रोकेमिकल्स, रसायन, ऑटोमोबाइल, इस्पात, एल्युमीनियम, सीमेंट, उर्वरक, चीनी, कागज, वस्त्र आदि अनेक उद्योगों के लिए प्रमुख उपकरणों की आपूर्ति करता है।

औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए बीएचईएल के उत्पादों की विशाल श्रृंखला में एसी मशीन, अल्टरनेटर, सेंट्रीफ्यूगल कंप्रेसर, ऑयल रिग, एक्स-मस ट्री वाल्व, ट्रांसफार्मर, सबस्टेशन, स्विचगियर, हीट एक्सचेंजर्स, प्रेशर वेसल्स, कॉलम, फायर्ड हीटर, लोकोमोटिव, डाउनस्ट्रीम ऑयल और गैस पैकेज (सल्फर रिकवरी यूनिट), गैस टर्बाइन आधारित को-जेनरेशन एण्ड कम्बाइन्ड साइकल पावर प्लांट्स, विभिन्न उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप स्टीम टरबाइन आधारित कैप्टिव बिजली संयंत्र , टर्बो-जनरेटर, विभिन्न प्रकार के ईंधनों का उपयोग करने में सक्षम प्रक्रिया उद्योगों के लिए भाप जनरेटर की पूरी श्रृंखला (सर्कुलेटिंग फ्लूडाइज्ड बेड कम्बशन, चूर्णित ईंधन, यूटिलिटी बॉयलर तथा हीट रिकवरी स्टीम जनरेटर), इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटेटर और फैब्रिक फिल्टर शामिल हैं।



बीएचईएल के हैदराबाद, आंध्र प्रदेश के कारखाने में असेम्बल किया जा रहा सेन्ट्रीफ्यूगल कम्प्रेसर

# तेल और गैस

- बीएचईएल 9,000 मीटर तक ड्रिलिंग करने में सक्षम संपूर्ण ऑनशोर ड्रिलिंग रिग की आपूर्ति करता है। यह नवीनतम अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस AC-SCR प्रणाली या एसी ड्राइव से युक्त है। इसके अलावा बीएचईएल मोबाइल रिग, वर्क-ओवर रिग की आपूर्ति भी करता है।
- बीएचईएल भारत की अग्रणी तेल एवं प्राकृतिक गैस अन्वेषण कंपनियों को ऑनशोर ड्रिलिंग रिग उपकरण जैसे ड्रॉ वर्क्स, रोटरी-टेबल, ट्रैवलिंग ब्लॉक, स्विवेल, मास्ट एवं सबस्ट्रक्चर, मड सिस्टम, कृत्रिम लिफ्ट सिस्टम (सकर रॉड पंप की सतही इकाइयां) और रिग इलेक्ट्रिक्स की आपूर्ति भी करता है।
- बीएचईएल द्वारा ड्रिलिंग कम्पनियों को तटवर्ती तथा अपतटीय अनुप्रयोगों के लिए 15,000 Psi रेटिंग तक के वेलहेड्स तथा एक्स-मस ट्री वाल्व तथा 10,000 Psi रेटिंग तक के चोक एण्ड किल मैनिफोल्ड भी उपलब्ध कराए जाते हैं।
- कंपनी ने अपतटीय अनुप्रयोगों के लिए केसिंग सपोर्ट सिस्टम, मडलाइन सस्पेंशन प्रणाली और ब्लॉक वाल्व की भी आपूर्ति की है।




बीएचईएल के तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु इकाई में निर्मित एक्स-मस ट्री वाल्व



ओएनजीसी अंकलेश्वर, गुजरात में कार्यरत बीएचईएल निर्मित ईवी-2000 लैंड ऑइल रिग

# अनुसंधान एवं विकास

- अनुसंधान एवं विकास व्यय (टर्नओवर का 2.5% से अधिक) - भारतीय इंजीनियरिंग क्षेत्र में सबसे अधिक व्यय दरों में से एक
- इन्टेलिजेन्ट मशीनें और रोबोटिक्स, मशीन डायनेमिक्स, कंप्रेसर और पंप, नैनो टेक्नोलॉजी, यूएचवी इंजीनियरिंग, सिमुलेटर, कम्प्यूटेशनल फ्लूइड डायनेमिक्स, सरफेस इंजीनियरिंग, स्थायी मैगनेट मशीनें, उन्नत ट्रांसमिशन सिस्टम, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और आईजीबीटी तथा नियंत्रक प्रौद्योगिकी, नियंत्रण एवं इंस्ट्रूमेंटेशन, कोयला अनुसंधान केंद्र, उन्नत फैब्रिकेशन प्रौद्योगिकी और रक्षा के लिए उत्कृष्टता केंद्र।
- विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों और चिह्नित तकनीकी क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान एवं विकास के लिए पाँच विशिष्ट संस्थान – सेरामिक टेक्नलॉजिकल इंस्टिट्यूट, अमॉर्फस सिलिकॉन सोलर सेल प्लांट, पॉल्यूशन कंट्रोल रिसर्च इंस्टिट्यूट, वेल्डिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट तथा सेंटर फॉर इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन
- पेटेंट/कॉपीराइट हेतु नियमित रूप से आवेदन किए जा रहे हैं – अब तक 5,650 से अधिक आवेदन
- स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के आंतरिक विकास के लिए सुदृढ़ इंजीनियरिंग और अनुसंधान एवं विकास आधार
- अग्रणी वैश्विक विनिर्माण और इंजीनियरिंग कंपनियों के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते
- स्वच्छ थर्मल प्रौद्योगिकी के विकास पर विशेष ध्यान



बीएचईएल की भोपाल इकाई,
मध्य प्रदेश में स्थापित यूएचवी (अल्ट्रा हाइ वोल्टेज) लैब

# अखिल भारतीय उपस्थिति


**16** विनिर्माण इकाईयां

**15** क्षेत्रीय विपणन केन्द्र

**08** सेवा केन्द्र

**04** क्षेत्रीय कार्यालय

**02** मरम्मत इकाईयां




- कॉर्पोरेट कार्यालय
- कॉर्पोरेट आर एंड डी
- विनिर्माण इकाई
- सेवा केन्द्र
- क्षेत्रीय विपणन केन्द्र
- क्षेत्रीय कार्यालय (पावर सेक्टर)
- मरम्मत इकाई

The graphical representation does not purport to be the political map of India

CC/CP/01/04-25

## भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: बीएचईएल हाउस, सिरी फोर्ट, नई दिल्ली 110049

कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L74899DL1964GOI004281

/BHELOfficial /BHEL_India /BHEL_India /bhel.india /company/bhel